Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 16-03-2005
Participants : Barad Shri Jasubhai Dhanbhai

>

Title: Need to clear the proposal of the Government of Gujarat for constructing jetties in the coastal areas.

श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ (जूनागढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, गुजरात राज्य के पोरबंदर जिले, जूनागढ़ जिले और भावनगर जिले के बीच में लगभग 250 से 300 किलोमीटर का समुद्रीय क्षेत्र है। इन तटीय क्षेत्रों में लगभग 3 से 4 लाख परिवारों का मुख्य कार्य मछली पकड़ना है और इन समुद्रीय तटों में आए हुए पोरबंदर तट, बेरावल तट और मंगरोल तट के मछुआरों के पास नावों की संख्या लगभग 20 हजार है और इन्हीं तीनों तटों पर कुल मिलाकर 16 हजार से 18 हजार नावों को तट पर रखने की सुविधा उपलब्ध है। उनके अलावा हीरकोट तट, सुत्रपाड़ा तट, धामलेज तट, जो कि तट के छोटे क्षेत्र हैं, इन तटों के ऊपर जेटी नहीं होने की वजह से वहां रहते हुए मछुआरों को मछली पकड़ने के लिए अपनी नावों के साथ समुद्र में उतरना और वापस नावों के साथ किनारे पर आना संभव नहीं है। इस कारण मछुआरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है और बार-बार उनकी नावों का काफी नुकसान होता है।

गूजरात सरकार इस बात को नज़रअंदाज़ रखकर उसी समुद्र तट पर हीराकोट तट, सूत्रपाड़ा तट, धामलेज तट क्षेत्र में जेटी बनाने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। मेरी जानकारी के अनुसार तीनों क्षेत्रों में जेटी बनाने का सर्वेक्षण कार्य हो चुका है और जेटी वहां बन सकती है।

गूजरात सरकार के द्वारा भारत सरकार को भेजे हुए प्रस्ताव पर भारत सरकार की तरफ से कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है।

मैं भारत सरकार से यह अनुरोध करता हूँ कि गुजरात सरकार ने जो भी क्षेत्र में समुद्र तट पर जेटी बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा है, उस प्रस्ताव पर शीघ्र और उचित कार्रवाई की जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri A. Venkatesh Naik -- not present.

Shri Harishchandra Chavan.

श्री रामदास बंडु आठवले (पंढरपुर) : स्पीकर साहब कहते हैं कि जब तक आप अपनी सीट से नहीं बोलेंगे, तब तक आपकी बात रिकार्ड नहीं की जाएगी ।

उपाध्यक्ष महोदय : जितनी देर तक आप अपनी सीट पर नहीं बैठेंगे, आपकी बात रिकार्ड नहीं की जाएगी।